Q1.भारत के उपराष्ट्रपति की स्थिति की तुलना किस देश के उपराष्ट्रपति से की जा सकती है ?

A.संयुक्त राज्य अमेरिका

B.फ्रांस

C.दक्षिण अफ्रीका

D.मिस्त्र

Ans: A

Q2.भारत में उपराष्ट्रपति का पद –

A.संविधान में प्रारम्भ से ही है

B.एक संवैधानिक संशोधन द्वारा सृजित किया गया है

C.एक संसदीय अधिनियम द्वारा सृजित किया गया है

D.राष्ट्रपति अपने सहायक के रूप में उसकी नियुक्ति करता है

Ans: A

Q3.उपराष्ट्रपति पद की अहर्ता के सम्बन्ध में क्या सही नहीं है ?

A.वह भारत का नागरिक हो

B.वह कम–से–कम 35 वर्ष की आयु का हो

C.राज्यसभा का सदस्य हो

D.उपर्युक्त में से कोई नहीं

Ans: C

Q4.उपराष्ट्रपति –

A.लोकसभा का सदस्य होता है

B.राज्यसभा का सदस्य होता है

C.किसी भी सदन का सदस्य होता है

D.सांसद (संसद सदस्य) नहीं होता है

Ans: D

Q5.उपराष्ट्रपति के सम्बन्ध में निम्न में से कौन – सा कथन सही है ?

A.वह लोकसभा का पदेन अध्यक्ष होता है

B.वह राज्यसभा का पदेन सदस्य अध्यक्ष होता है

C.वह लोकसभा की लोक लेखा समिति का अध्यक्ष होता है

D.वह भारतीय रेडक्रॉस सोसायटी का पदेन अध्यक्ष होता है

Ans: B

Q6.राज्यसभा की बैठकों का सभापतित्व कौन करता है ?

A.राष्ट्रपति

B.उपराष्ट्रपति

C.प्रधानमंत्री

D.स्पीकर

Ans: B

Q7.उपराष्ट्रपति का चुनाव करने वाली निर्वाचन संस्था के सदस्य कौन होते हैं ?

A.लोकसभा और राज्यसभा दोनों के निर्वाचित सदस्य

B.संसद के दोनों सदनों के सदस्य

C.राज्यसभा के सभी निर्वाचित सदस्य

D.राज्यसभा के सभी सदस्य

Ans: B

Q8.उपराष्ट्रपति पद के निर्वाचन हेतु उम्मीदवार की अधिकतम आयु कितनी होती है ?

A.65 वर्ष

B.70 वर्ष

C.75 वर्ष

D.कोई सीमा नहीं

Ans: D

Q9.उपराष्ट्रपति का निर्वाचन कैसे होता है ?

A.प्रत्यक्ष रूप से

B.अप्रत्यक्ष रूप से

C.उपर्युक्त दोनों प्रकार से

D.मनोनयन द्वारा

Ans: B

Q10.उपराष्ट्रपति पद के निर्वाचन हेतु कौन – सी पद्धति अपनाई जाती है ?

A.सूची पद्धति

B.संचयी मत पद्धति

C.सापेक्ष बहुमत पद्धति

D.समानुपातिक प्रतिनिधित्व एवं एकल संक्रमणीय पद्धति

Ans: D

Q11.उपराष्ट्रपति राष्ट्रपति का कार्यभार संभालता है, जबकि राष्ट्रपति –

A.अनुपस्थित हो

B.बीमार हो

C.अपना कार्य करने में अक्षम हो

D.उपर्युक्त सभी मामलों में

Ans: D

Q12.जब उपराष्ट्रपति राष्ट्रपति का कार्यभार संभालता है तो –

A.वह राज्यसभा के सभापति के रूप में सभी कार्य करता है

B.उसे राष्ट्रपति पद के सभी विशेषाधिकार और भत्ते प्राप्त होते हैं

C.वह राष्ट्रपति तथा उपराष्ट्रपति दोनों की शक्तियों का प्रयोग करता है

D.उपर्युक्त सभी

Ans: C

Q13.जब उपराष्ट्रपति राष्ट्रपति के कार्यों को संभालता है तो उस दौरान राज्यसभा के सभापति पद पर कौन कार्य करता है ?

A.वह स्वयं

B.नया सभापति

C.उपसभापति

D.इनमें से कोई नहीं

Ans: C

Q14.राष्ट्रपति की मृत्यु पर जब उपराष्ट्रपति राष्ट्रपति का पद ग्रहण करता है तो –

A.राष्ट्रपति के कार्यकाल के शेष समय तक पद पर आसीन रहता है |

B.अधिकतम 6 माह तक पद पर आसीन रहता है |

C.अधिकतम 1 वर्ष तक पद पर आसीन रहता है

D.अधिकतम 1 माह तक पद पर आसीन रहता है |

Ans: B

Q15.राज्यसभा के सभापति के रूप में उपराष्ट्रपति क्या नहीं कर सकता है ?

A.राज्यसभा को विघटित कर सकता है

B.राज्यसभा के सदस्यों के विशेषाधिकारों का संरक्षण करता है

C.राष्ट्रपति एवं लोकसभा के समक्ष राज्यसभा का प्रवक्ता होता है

D.राज्यसभा के बैठकों की अध्यक्षता करता है, और उसके कार्यों का संचालन करता है

Ans: A

Q16.निम्नलिखित में से कौन – सा कथन असत्य है ?

A.उपराष्ट्रपति को पदच्युत करने के लिए महाभियोग की आवश्यकता नहीं पड़ती है |

B.उपराष्ट्रपति के निर्वाचन सम्बन्धी सभी विवादों को निर्वाचन आयोग देखता है |

C.यदि उपराष्ट्रपति का निर्वाचन अवैध घोषित कर दिया जाता है तो ऐसे निर्णय के पूर्व उनके द्वारा सम्पन्न कार्य अवैध नहीं होगी |

D.उपर्युक्त सभी

Ans: B

Q17.निम्न कथनों का अध्ययन कर समुचित उत्तर की पहचान करें 1.भारत का उपराष्ट्रपति नियुक्त किये जाने के लिए किसी व्यक्ति में राज्यसभा का सदस्य बनने की योग्यता अवश्य होनी चाहिए 2. उपराष्ट्रपति राज्यसभा का पदेन अध्यक्ष होता हैं

A.1 और दो सही हैं

B.1 और 2 दोनों गलत हैं

C.केवल एक सही हैं

D.केवल 2 सही है

Ans: A

Q18.भारत के उपराष्ट्रपति के सम्बन्ध में कौन – सा कथन असत्य है ?

A.भारत के प्रथम उपराष्ट्रपति एस. राधाकृष्णन थे |

B.उपराष्ट्रपति का चुनाव भारत का राष्ट्रपति करता है |

C.उपराष्ट्रपति राज्यसभा का सभापति होता है |

D.उपराष्ट्रपति की योग्यता प्राप्त करने के लिए प्रत्याशी की आयु कम–से–कम 35 वर्ष की होनी चाहिए |

Ans: B

Q19.उपराष्ट्रपति अपने मत का प्रयोग कब करता है ?

A.प्रत्येक परिस्थिति में

B.मतों के बराबर रहने की स्थिति में

C.उसकी इच्छा पर निर्भर है

D.कभी भी नहीं करता

Ans: B

Q20.कौन राष्ट्रपति के चुनाव में तो मतदान नहीं करते हैं परन्तु उपराष्ट्रपति के चुनाव में मतदान करते हैं ?

A.संसद के मनोनीत सदस्य

B.राज्य विधान परिषद के सदस्य

C.राज्यसभा के सदस्य

D.उपरोक्त सभी

Ans: A